No. of Printed Pages/Questions: 2 / 5

O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR

Periodic Test - I (2023 – 2024)

Class - 8 | MM-20

Subject- Hindi | Time: 1 Hrs.

Name: ____________ | Roll No.:_________

***General Instructions:** All questions are compulsory.*

प्र0 1 नीचे दिए गए गद्यांश को पढ़कर सही विकल्प छाँटकर लिखिए– **(1X4 = 4)**

सिनेमा जगत के अनेक नायक–नायिकाओं, गीतकारों, कहानीकारों और निर्देशकों को हिंदी के माध्यम से पहचान मिली है। यही कारण है कि ग़ैर हिंदी भाषा कलाकार भी हिंदी की ओर आए हैं। समय और समाज के उभरते सच को परदे पर पूरी अर्थवत्ता में धारण करने वाले ये लोग दिखावे के लिए भले ही अंग्रेज़ी के आग्रही हो, लेकिन बुनियादी और ज़मीनी हकीकत यही है कि इनकी पूँजी इनकी प्रतिष्ठा का एकमात्र निमित्त हिंदी ही है।

लाखों–करोड़ों दिलों की धड़कनों पर राज करने वाले ये सितारे हिंदी फ़िल्म और भाषा के सबसे बड़े प्रतिनिधि हैं। 'छोटा परदा' ने आम जनता के घरों में अपना मुकाम बनाया तो लगा हिंदी आम भारतीय की जीवन–शैली बन गई। हमारे आद्यग्रंथों रामायण और महाभारत को जब हिंदी में प्रस्तुत किया गया तो सड़कों का कोलाहल सन्नाटे में बदल गया। 'बुनियाद' और 'हम लोग' से शुरु हुआ सोप ऑपेरा का दौर हो या सास–बहू धारावाहिकों का, ये सभी हिंदी की रचनात्मक और उर्वरता के प्रमाण हैं। 'कौन बनेगा करोड़पति' से करोड़पति चाहे जो बने हों, पर सदी के महानायक की हिंदी हर दिल की धड़कन और हर धड़कन की भाषा बन गई।

सुर और संगीत की प्रतियोगिताओं में कर्नाटक, गुजरात, बंगाल, महाराष्ट्र, असम, सिक्किम जैसे गैर–हिंदी क्षेत्रों के कलाकारों ने हिंदी गीतों के माध्यम से पहचान बनाई। ज्ञान गंभीर 'डिस्कवरी' चैनल हो या बच्चों को रिझाने–लुभाने वाला 'टॉम एण्ड जैरी', इनकी हिंदी उच्चारण की मिठास और गुणवत्ता अद्भुत, प्रभावी और ग्राह्य है। धर्म–संस्कृति, कला–कौशल, ज्ञान–विज्ञान सभी कार्यक्रम हिंदी की संप्रेषणीयता के प्रमाण हैं।

1 **कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए–**

कथन (A) गैर–हिंदी भाषी कलाकारों के हिंदी सिनेमा में आने का कारण था।

कारण (R) हिंदी के माध्यम से अपनी पहचान बनाना।

(क) कथन (A) गलत है, किंतु कारण (R) सही है।

(ख) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत है।

(ग) कथन (A) सही है, किंतु कारण (R) गलत है।

(घ) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता हैं।

2 **फ़िल्मों तथा टी0वी0 ने हिंदी के प्रचार–प्रसार में क्या भूमिका निभाई है ?**

(क) हिंदी का विकास अवरुद्ध हो गया। (ख) हिंदी का क्षेत्र सीमित हो गया।

(ग) हिंदी साधारण भारतीय की जीवन–शैली बन गई। (घ) हिंदी अंग्रेज़ी के समक्ष कमज़ोर पड़ गई।

3 **निम्नलिखित में से किसकी हिंदी ने दर्शक वर्ग को सर्वाधिक प्रभावित किया ?**

(क) रामायण की (ख) सास–बहू धारावाहिक की

(ग) सदी के महानायक की (घ) डिस्कवरी चैनल की

4 **प्रस्तुत गद्यांश का सर्वाधिक उपयुक्त शीर्षक क्या होगा ?**

(क) टी0 वी0 चैनल का इतिहास | (ख) हिंदी भाषा की गुणवत्ता एवं उपयोगिता

(ग) हिंदी भाषा बनाम अंग्रेज़ी भाषा | (घ) हिंदी धारावाहिक

प्र0 2 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1x4 = 4)**

क 'मधुरिमा' शब्द में प्रत्यय है–

अ इमा | ब रिमा

स मा | द मधुर

ख 'अनुवाद' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

अ अनु | ब अ

स अन | द अउ

ग 'बहाव' शब्द में प्रयुक्त प्रत्यय कौन–सा है ?

अ बह | ब हाव

स आव | द आवा

घ 'विज्ञान' शब्द में प्रयुक्त उपसर्ग है–

अ विज्ञ | ब ज्ञान

स वि | द अन

प्र0 3 दिए गए प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर लिखिए– **(1x2 = 2)**

क बेलन पर चढ़ी चूड़ियाँ बदलू को कैसी लगती थी ?

अ सोने जैसी | ब चमकदार

स बहुत सुंदर | द नव–वधू की कलाई पर सजी जैसी

ख 'बस की यात्रा' व्यंग्य के आधार पर बताइए कि यात्री बस से सफ़र क्यों नहीं करना चाहते थे ?

अ क्योंकि बस के चलने के आसार ही दिखाई नहीं देत थे।

ब क्योंकि बस में सीटें बहुत कम थीं।

स क्योंकि बस अपनी जर्जर अवस्था के कारण धोखा दे सकती थी।

द इनमें से कोई नहीं

प्र0 4 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2x3 = 6)**

क लेखक के मन में बस को देखकर श्रद्धा का भाव क्यों उमड़ पड़ा ?

ख लेखक और उनके मित्रों को बस तक छोड़ने आए लोगों के मन में क्या–क्या भाव उत्पन्न हो रहे थे ?

ग 'उत्सर्ग की ऐसी भावना दुर्लभ है।'– लेखक ने यह किसके लिए क्यों और किस, संदर्भ में कहा ?

प्र0 5 नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए– **(2x2 = 4)**

क बदलू से मिलकर लौटते समय लेखक की प्रसन्नता का क्या कारण था ?

ख प्रतिकूल परिस्थितियाँ होने के बाद भी बदलू ने हार कर भी हार नहीं मानी। कैसे ?

––0––